हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

11 एसटीपी में बन रहा हरित ऑक्सीजन केंद्र लगेंगे



11 डेरे से महंत बुलबुल, महक व टीना संदिग्ध परिस्थिति में



खबर संक्षेप

नकली सोना बेचकर ठगी में 14 वर्षों से फरार आरोपी काबू

चरखी दादरी। नकली सोने की ईंट असली बताकर ठगी करने के मामले में 14 वर्षों से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी को दादरी पुलिस की अपराध शाखा-2 की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान इसराईल निवासी नखरोला, जिला पलवल के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि 28 जुलाई 2009 को गांव पिचोपा कलां के तत्कालीन सरपंच सुंदरलाल ने बाढड़ा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, इसराईल और ईशा निवासी नखरोला, जिला पलवल ने सुंदरलाल और गुनेश खान को करीब 900 ग्राम वजन की नकली सोने की ईंट असली बताकर 2 लाख 50 हजार रुपये में बेच दी थी। इसके बाद दोनों आरोपित दोबारा 30 लाख रुपये में नकली सोने की ईंट बेचने का सौदा करने पहुंचे। इस दौरान शिकायतकर्ता और ग्रामीणों ने उन्हें पहचान लिया और पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जमानत मिलने के बाद इसराईल न्यायालय में पेश होने की तारीखों पर गैरहाजिर रहने लगा।

चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपी काबू

भिवानी। पुलिस स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने घर में चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपियों को पकड़ा है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र निवासी ईशरवाल ने थाना तोशाम पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 सितम्बर की रात को चोर उसके घर में घुसकर आभूषण और रुपये चोरी करके ले गए।

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से भिवानी में संकट

हड़ताल से बिगड़ी बिजली की चाल, पॉवर हाउसों पर पुलिस तैनात, ट्यूबवैलों से नहीं हो पाई पेयजल सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गुरुग्राम और नूंह में 25 सालों के लिए पावर सप्लाई इलेवन पावर इंफ्रास्ट्रेक्चर कंपनी को दिए जाने के विरोध विद्युत निगम के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाते ही रात को कई जगहों पर बिजली की लाइन ब्रेक डाऊन होनी शुरू हो गई। कुछ जगहों पर ठेकेदार के कारिंदों ने बिजली की सप्लाई चालू करने का प्रयास किया,पर अधिकांश इलाकों में बिजली की सप्लाई बंद हो गई। कंट्रोल रूम में शिकायतकर्ताओं के फोन घनघनाते रहे,लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। बिजली की सप्लाई कटने के बाद पानी की सप्लाई भी शांत रही। हालांकि शहर में पब्लिक हेल्थ विभाग ने सप्लाई के लिए जरनेटरों की व्यवस्था की,लेकिन टयूबवैल आधारित सप्लाई बिना बिजली के नहीं हो पाई। जिसके चलते लोग पीने के पानी के लिए दर दर भटकते देखे गए। वहीं किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए निगम के बिजली नियंत्रण कक्षों पर पुलिस का पहरा लगा दिया। पर जहां से बिजली की सप्लाई कटी हुई थी। वहां पर कोई सप्लाई चालू करने वाला कोई नहीं मिला। समाचार लिखे जाने तक जिले के आधे से ज्यादा इलाकों में बिजली की सप्लाई ठप्प थी। रात दस बजे जैसे ही कर्मचारियों ने हडताल पर जाने का ऐलान किया तभी से कई जगहों के पॉवर हाऊस से बिजली का ब्रेक डाऊन होने लगी। गांव बलियाली स्थित पॉवर हाऊस पर साढे दस बजे बिजली गायब हो गई। उसी वक्त ग्रामीण पॉवर हाऊस पहुंचे। उस वक्त पॉवर हाऊस के गेट बंद थे। ग्रामीणों ने इस बारे में पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और ठेकेदार के कारिंदे से बिजली की सप्लाई चालू करवाई। सुबह सवेरे फिर बलियाली के अलावा बवानीखेड़ा के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों से बिजली की सप्लाई गायब रही।



भिवानी। धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करता एक कर्मचारी।

कहां कितने प्रतिशत हड़ताल पर रहे कर्मचारी

सिटी भिवानी	-	96.71 प्रतिशत
सब अर्बन	-	98.71 प्रतिशत
बवानीखेड़ा	-	99 प्रतिशत
भिवानी सर्कल	-	97.18 प्रतिशत
कार्यकारी अभियंता ढाढरी	-	96.14 प्रतिशत
कार्यकारी अभियंता बाढड़ा	-	97.47 प्रतिशत

जान-बूझकर लाइट काटने के विरोध में सौंपा एसडीएम को ज्ञापन, 20 घंटे से अंधेरे में बहल

बहल। गुरूग्राम और नूंह में प्राइवेट कंपनी को लाइसेंस दिए जाने के विरोध में बिजली कर्मचारियों द्वारा निर्धारित तीन दिन की हड़ताल के शुरू होते ही बहल कस्बे की लाइट गुल हो गई। लाइट जाने से पुरा कस्बा अंधेरे में डूब गया और समाचार लिखे जाने तक 20 घंटे बाद भी लाइट सुचारू नहीं हुई। बिजली व्यवस्था चरमराने से लोगो को भारी परेशानी झेलनी पड़ी और उनके घरेलू कामकाज प्रभावित हो गए। लोगों ने बिजली निगम पर जानबूझकर लाइट काटने का आरोप लगाया और एसडीएम लोहारू को बिजली कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन दिया।



बिजली आपूर्ति बाधित, दैनिक कार्य प्रभावित



हरियाणा में बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुई तीन दिवसीय हड़ताल का दादरी जिले में व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल के पहले ही दिन शहर के कई इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई पावर हाउस और फीडर बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। धिकाड़ा रोड, बस स्टैंड रोड, हीरा चौक और महेंद्रगढ़ बाईपास क्षेत्र में भी बिजली गुल रही। बिजली निगम कार्यालयों, कंट्रोल रूम सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस तैनात रही। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ दुकानदारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और अन्य कामकाज पर निर्भर लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। बिजली के अभाव में दैनिक कार्य प्रभावित हुए।

बिजली क्षेत्र में पैरेलल लाइसेंस के विरोध में कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल पर



लोहारू। बिजली क्षेत्र में पैरेलल लाइसेंसिंग लागू करने के विरोध में गुरुवार को लोहारू में बिजली निगम कर्मचारी और अधिकारी धरने पर रहे और प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता सांझा मोर्चा के सब-यूनिट प्रधानों ने की। सब-अर्बन यूनिट प्रधान, एच.एस.ई.बी. कर्मचारी यूनियन एवं ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन यूनियन के सचिव विकास शर्मा, ए.वी.के.एस.एच. के सब-यूनिट प्रधान, एससी/बीसी/एसटी यूनियन के प्रधान सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने धरने को संबोधित किया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते पैरेलल लाइसेंसिंग लागू करने के फैसले को वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

एसडीएम ने बिजली घर पहुंचकर चालू करवाया सामान्य अस्पताल फीडर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त



भिवानी। बिजली कर्मचारियों द्वारा 24 अक्टूबर तक घोषित हड़ताल के चलते डीसी एवं जिलाधीश साहिल गुप्ता ने बिजली घरों व सब स्टेशनों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ चौ. बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल, जलघर और जिला कारागार आदि परिसरों में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। गुरुवार को हड़ताल के दौरान डीसी के निर्देश पर एसडीएम महेश कुमार बौंटीएम रोड़ स्थित 132 केवी बिजली घर पहुंचे और सामान्य अस्पताल फीडर को चालू करवाया ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। वहीं दूसरी ओर जिलाधीश श्री गुप्ता ने बिजली घरों- सब स्टेशनों पर कानून-एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

कर्मियों के विरोध को अनदेखा कर निजी कंपनी को फायदा पहुंचाना जनविरोधी: कामरेड बासिया

बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा संबंधित ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंज्यूमर एसोसिएशन ने गुड़गांव व नूंह की बिजली वितरण प्रणाली को प्राइवेट कम्पनी इलेवन पॉवर प्राइवेट लिमिटेड को सौंपने के हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी रैगुलेटरी कमिशन के फैसले की कड़ी निन्दा की है और इसे तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा के जिला संयोजक महेन्द्र सिंह कटारिया और एआईयूटीयूसी के जिला सचिव राजकुमार बासिया ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं, कर्मचारी व इंजिनियर संगठनों के लगातार कड़े विरोध को अनदेखा करते हुए निजी कंपनी के हित में फैसला लिया है। इसका जनहित से कोई वास्ता नहीं है।

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल पर प्रशासन अलर्ट

बवानीखेड़ा। बिजली कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बवानीखेड़ा बिजली निगम के 33केवी सब-स्टेशन और पावर हाउस के बाहर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरिण निगम बवानीखेड़ा सब-स्टेशन के बाहर एक पुलिस कर्मी सुरेष ड्यूटी पर तैनात है। प्रशासन ने बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस प्रशासन ने भी संवेदनशील बिजली घरों और सब-स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी है।

हड़ताल से बिजली आपूर्ति तोशाम में रही ठप



तोशाम। बिजलीकर्मियों की हड़ताल का असर वीरवार को तोशाम में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जिससे विभिन्न विभागों का काम तो ठप्प रहा ही वहीं दुकानों सहित घरों के इनवर्टर भी जवाब दे गए और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि कस्बे में बिजलीकर्मियों की हड़ताल के चलते वीरवार सुबह करीबन साढ़े 8 बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई जोकि शाम तक समाचार लिखे जाने तक बंद ही रही। जिससे तहसील परिसर में जनरेटर व्यवस्था खराब होने से तहसील परिसर का कार्य भी पूरे दिन ठप्प रहा। जिससे सरल केंद्र, रजिस्ट्री आदि के कार्य बंद रहे और पूरे दिन कार्य करवाने के लिए आम आदमी चक्कर लगाते रहे, लेकिन सरल केंद्र आदि सहित विभिन्न विभागों के कमरे या तो बंद मिले या वहां मौजूद कर्मचारी अंधेरे में बैठे नजर आए।





पक्षी जगत / शिखर चंद जैन

अनोखी खूबियों वाले अमेजिंग बर्ड्स

बच्चो, तुमने अपने आस-पास या चिड़ियाघर में कई तरह के पक्षी देखे होंगे। लेकिन क्या ऐसे पक्षियों के बारे में जानते हो, जो हवा में हेलीकॉप्टर की तरह उड़ सकते हैं, मिसाइल जैसी रफ्तार से गोता लगा लेते हैं या जो किसी भी आवाज की नकल कर लेते हैं? यहां हम तुम्हें ऐसी ही अनोखी खूबियों वाले कुछ पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

हमिंग बर्ड उड़ने वाला हेलीकॉप्टर

हमिंग बर्ड, दुनिया का सबसे छोटा पक्षी तो है ही। इसके पास ऐसी काबिलियत भी होती है, जो किसी अन्य पक्षी के पास नहीं है। यह अकेला ऐसा पक्षी है, जो पीछे की तरफ भी(उल्टा) उड़ सकता है, दाएं-बाएं मुड़ सकता है और हवा में एक ही जगह पर बिना हिले-डुले स्थिर रह सकता है। यह एक सेकेंड में 50 से 80 बार तक अपने पंख फड़फड़ा सकता है। इस दौरान इनके पंखों से 'हमिंग' (भिनभिनाने) की आवाज आती है, इसीलिए इसे हमिंग बर्ड नाम दिया गया है। हमिंग बर्ड के पंखों का जोड़ा 180 डिग्री तक घूम सकता है, जिससे यह किसी हेलीकॉप्टर की तरह हर दिशा में कलाबाजी खा सकता है। इसका हृदय भी एक मिनट में 1,200 से भी ज्यादा बार धड़कता है। अपने शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए इसे हर 10-15 मिनट में भोजन की आवश्यकता होती है। हमिंग बर्ड की याददाश्त बहुत तेज होती है। इसे वह जगह और फूल तक याद रहता है, जहां जिस फूल से इसने पहले रस पिया होता है। *



पेरेग्रिन फाल्कन आसमान की मिसाइल

पेरेग्रिन फाल्कन यानी शाहीन बाज, सबसे तेज गति से हवा में गोता लगा लेता है। जब यह शिकार करने के लिए आसमान से सीधे नीचे की ओर गोता लगाता है, तो इसकी रफ्तार 320 से 390 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच जाती है, जो हाई स्पीड बुलेट ट्रेन से भी तेज है! इस तेज गति से उड़ते समय जब हवा इसके नथुनों में टकराती है, तो फेफड़े फटने का खतरा होता है। लेकिन कुदरत ने इसकी नाक के अंदर छोटे-छोटे विशेष शंकु जैसी संरचना बनाई है, जो हवा के दबाव को नियंत्रित करते हैं। इसकी आंखों में एक विशेष पारदर्शी झिल्ली होती है, जो तेज हवा में भी चश्मे की तरह काम करती है और बिना पलक झपकाए शिकार को तेजी से झपटने में मदद करती है। *

लायर बर्ड जंगल का साउंड रिकॉर्डर

ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में पाया जाने वाला लायर बर्ड, दुनिया का सबसे बड़ा और चतुर नकलची पक्षी है। इसके स्वर-यंत्र की संरचना इतनी जटिल और विकसित होती है कि यह अपने आस-पास सुनी गई किसी भी ध्वनि की हूबहू नकल कर सकता है। जंगल के अन्य दर्जनों पक्षियों की आवाजों के अलावा, लायर बर्ड इंसानों द्वारा बनाई गई मशीनों की आवाजें जैसे कार का हॉर्न, कैमरे के शटर की क्लिक, कुल्हाड़ी की चोट, चेनसॉ (लकड़ी काटने की आरी), मोबाइल फोन की रिंगटोन और यहां तक कि बच्चों के रोने की आवाज भी बिल्कुल सटीक पिच के साथ निकाल लेता है। नर लायर बर्ड, अकसर मादा को रिझाने के लिए इन सभी आवाजों का एक अनोखा म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा जैसी ध्वनि उत्पन्न करता है। *



शुतुरमुर्ग एक्सप्रेस रनर

शुतुरमुर्ग उड़ नहीं सकता, लेकिन यह पृथ्वी का सबसे बड़ा, भारी और ऊंचा पक्षी है। उड़ने की कमी को यह अपनी जमीन पर दौड़ने की बेजोड़ क्षमता से पूरा करता है। शुतुरमुर्ग 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से लगातार दौड़ सकता है और एक ही छलांग में 3 से 5 मीटर की दूरी तय कर लेता है। इसके पैरों में केवल दो अंगुलियां होती हैं, जो इसे दौड़ते समय बेहतरीन ग्रिप और गति देती हैं। इसके पैर इतने शक्तिशाली और मजबूत मांसपेशियों से बने होते हैं कि इसकी केवल एक किक से शेर या तेंदुए जैसे खतरनाक शिकारी की भी हड्डी टूट सकती है या उसकी मौत हो सकती है। *



वुडपेकर नेचुरल ड्रिल मशीन

वुडपेकर यानी कठफोड़वा पेड़ों के सख्त तनों में छेद करके कीड़े ढूंढ़ने के लिए अपनी चोंच से लकड़ी पर तेजी से वार करता है। यह एक सेकेंड में लगभग 20 बार और एक दिन में 8,000 से 12,000 बार लकड़ी पर चोट करता है। जब यह चोट करता है, तो इसके सिर पर लगने वाला झटका इंसान को लगने वाले किसी गंभीर एक्सीडेंट के झटके से 10 गुना ज्यादा होता है। इतने भीषण झटकों के बावजूद इसके दिमाग में जरा-सी भी चोट नहीं आती। इसकी खोपड़ी में स्पंज जैसी छिद्रयुक्त हड्डियां होती हैं, जो झटके को सोख लेती हैं। इसकी जीभ बेहद लंबी होती है, जिसे यह अपने सिर के चारों तरफ लपेटकर एक नेचुरल सीटबेल्ट की तरह काम लेता है। *



नए जमाने की ट्रेंडिंग डॉल मिरूमी

डॉल्स सभी बच्चों को खूब भाती हैं। आजकल तो अमेजिंग टेक्नोलॉजी से लैस कुछ ऐसी डॉल्स मिलती हैं, जो तुम्हें हैरत में डाल देंगी। ऐसी ही एक प्यारी-अनोखी जापानी डॉल है- मिरूमी। बच्चे-बड़े सभी को मिरूमी डॉल खूब पसंद आ रही है। इसके बारे में जानो कुछ रोचक बातें।

टेक्नो-ट्वॉय

अंजू जैन



बच्चो, मिरूमी कोई साधारण डॉल नहीं, यह जापान की मॉडर्न टेक्नोलॉजी से बनी एक छोटी इंटरेक्टिव रोबोट डॉल है, जो अपने क्यूट बिहेवियर से सभी का दिल जीत रही है।

कहां से हुई मिरूमी की शुरुआत: मिरूमी डॉल की शुरुआत जापान के टोक्यो शहर से हुई है। इसे युकाई इंजीनियरिंग नाम की एक प्रसिद्ध रोबोटिक्स कंपनी ने बनाया है। 'मिरूमी' नाम दो जापानी शब्दों से मिलकर बना है 'मिरू', जिसका अर्थ है 'देखना' और 'नुइगुरूमी', जिसका अर्थ है 'भरा हुआ खिलौना' यानी स्टफ्ड टॉय। इसे बनाने की प्रेरणा जापानी लोककथाओं के जादुई जीव 'यो काई' और एक छोटे बच्चे की मासूम हरकतों से ली गई है।

बहुत खास और जीवंत है मिरूमी: मिरूमी डॉल में एडवांस सेंसर और मोटर लगे हैं, जिससे यह स्पर्श और आवाज पर रिएक्ट करती है। जब कोई इसे प्यार से थपथपाता है, तो यह अपनी गर्दन हिलाती है। अगर कोई अजनबी इसके बहुत करीब आता है, तो यह शरमाकर अपना चेहरा दूसरी तरफ घुमा लेती है। जब कोई इसे देखता है, तो यह उसे ऐसे देखती है, जैसे कोई छोटा बच्चा देख रहा हो। जब इसकी बैटरी कम होती है, तो यह थकने का नाटक करती है, धीरे-धीरे अपना सिर हिलाने लगती है। मिरूमी की ये प्यारी हरकतें किसी का भी दिल खुश कर सकती है। यही वजह है कि इसे 'स्ट्रेस रिलीफ' करने वाले खिलौने के रूप में पसंद किया जा रहा है।



साथ रखना है आसान: बच्चो, इस क्यूट-सी डॉल मिरूमी को तुम कभी भी, कहीं भी अपने साथ कैरी कर सकते हो। इसके लंबे हाथ होते हैं, जो इसे आसानी से तुम्हारे बैग के स्ट्रैप या बेल्ट से चिपके रहने में मदद करते हैं। इसे बैग एसेसरी के रूप में लगाना आजकल फैशन बन गया है। इसे रिस्ट बैंड की तरह हाथों में भी पहना जा सकता है। जिनके पास मिरूमी डॉल है, वे इससे इतना लगाव महसूस करते हैं कि इसके लिए छोटे-छोटे स्वेटर, स्कार्फ और चश्मा भी खरीदने लगे हैं।

बच्चों को बनाती है संवेदनशील: मिरूमी डॉल बच्चों को संवेदनशीलता सिखाती है। जब कोई बच्चा देखता है कि मिरूमी 'डर' रही है या 'शरमा' रही है, तो वह उसे पुचकारता है, जिससे बच्चे के अंदर देखभाल करने की भावना विकसित होती है। *

मिरूमी की कुछ अन्य खासियतें

बच्चो, मिरूमी डॉल में कुछ और भी विशेषताएं हैं, जो इसे बहुत खास बनाती हैं-

आई-कॉन्टेक्ट तकनीक: इसमें एक विशेष 'अटेंशन सेंसर' लगा है। यह कमरे में मौजूद इंसानी चेहरे को पहचानती है। अगर तुम इसे 3 सेकेंड से ज्यादा देखोगे, तो यह भी तुम्हारी आंखों में आंखें डालकर देखेगी।

धड़कता है मिरूमी का दिल: अगर तुम मिरूमी को अपने सीने से सटाकर पकड़ते हो, तो तुम्हें इसके अंदर एक हल्की धड़कन जैसा महसूस होगा।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्रेरणादायी-रोचक कहानियां

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए प्रेरणादायक-रोचक कहानियों का एक संग्रह छपकर आया है, नाम है- टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना। राजकुमार जैन 'राजन' द्वारा लिखी गई इस किताब में कुल ग्यारह कहानियां हैं। इन सभी कहानियों के रंग अलग-अलग हैं। 'पारुल का सपना' कहानी में उसका पायलट बनने का सपना इसीलिए पूरा होता है कि इसके लिए उसने जी-तोड़ मेहनत की और अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सफल पायलट बन गई। 'पौधारोपण का महत्व' कहानी में दादाजी की यह बात बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है कि वृक्षों से हरियाली तो रहती ही है, हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। प्लास्टिक का उपयोग कितना खतरनाक है, यह 'प्लास्टिक मुक्त' गांव कहानी पढ़कर जाना जा सकता है। 'खिलौना रोबोट' कहानी में यह तथ्य छिपा हुआ है कि माता-पिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कभी-कभी उनकी हर बात न मानकर कुछ बातों के लिए मना भी कर देते हैं। 'सच्ची दीवाली' कहानी का यह उद्देश्य है कि दीवाली जैसे त्योहार का मतलब सिर्फ रोशनी करना ही नहीं होता है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ देना ही त्योहार का असली उद्देश्य होता है। किताब की शीर्षक कहानी 'टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना' में दो महत्त्वपूर्ण बातें सामने आती हैं- एक, अगर लगन हो तो संसाधनों के अभाव में भी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। दूसरी, ज्ञान जितना बांटा जाता है हमेशा वह बढ़ता ही जाता है। 'दीपू ने ठग पकड़वाए' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह दीपू ने बड़ी चतुराई और सूझबूझ से ढोंगी व्यक्ति का भंडाफोड़ किया और उसको पुलिस के हवाले करा दिया। संग्रह की अंतिम कहानी 'बच्चों का वाचनालय' शिक्षा के विस्तार से जुड़ी हुई है। ऐसे ही इस संग्रह की अन्य कहानियां भी तुम्हारा मनोरंजन करने के साथ-साथ तुम्हें कुछ-न-कुछ सिखाएंगी। *



किताब: टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना (कहानी संग्रह), **लेखक:** राजकुमार जैन 'राजन', **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन, भोपाल



कहानी

रवि प्रकाश

क्लास की खिड़की का शीशा टूटा तो इसके लिए आर्यन को दोषी माना गया, क्योंकि उसकी छवि एक शरारती लड़के की थी। एक छात्रा ने सच बताया, वास्तव में शीशा किससे टूटा? एक सच्ची लड़की की प्रेरक कथा।

सच का साहस



एआई इमेज

टन-टन-टन..!' लंच ब्रेक की घंटी बजते ही क्लास में शांत बैठे बच्चों का शोर-शराबा शुरू हो गया। वे टिफिन खोलने लगे, हंसते हुए बात करने लगे। सिक्सथ क्लास की मीरा अपनी सादगी और शांत स्वभाव के लिए जानी जाती थी। वह अभी अपनी जगह से उठी ही थी कि पीछे से दौड़कर आती एक बच्ची का धक्का लगा। वह पास की खिड़की से जा टकराई। जोर की आवाज हुई, 'चटाक!' खिड़की का शीशा टुकड़ों में फर्श पर बिखर गया।

पूरी क्लास में सन्नाटा छा गया। क्लास मॉनिटर ने दबी आवाज में कहा, 'अरे मीरा! यह तो बहुत महंगा शीशा था। मिश्रा सर अभी आते ही होंगे, वे बहुत गुस्सा करेंगे।'

तभी मिश्रा सर क्लास में दाखिल हुए। टूटे हुए शीशे को देखते ही उनकी भौंहें तन गईं, कड़क आवाज में बोले, 'यह किसने तोड़ा ?' सब सिर झुकाए खड़े थे। मिश्रा सर की नजर कक्षा के सबसे नटखट लड़के आर्यन पर जा टिकी। वह अकसर शरारतें करता था, लेकिन आज वह चुपचाप अपनी सीट पर बैठा था। 'आर्यन! मुझे पता है, यह तुम्हारी ही हरकत होगी। खड़े हो जाओ!' मिश्रा स्वर गुस्से से बोले।

आर्यन घबरा गया, 'नहीं सर... मैंने नहीं तोड़ा है शीशा, सचमुच..।' लेकिन उसकी बात पर मिश्रा सर को यकीन नहीं हुआ। उनके दिमाग में आर्यन की छवि एक शरारती लड़के की जो थी। उधर मीरा का दिल तेज धड़क रहा था। वह कुछ बोलना चाहती थी, पर शब्द जैसे गले में ही अटक गए। उसकी सहेली बहुत धीरे से बोली, 'मीरा, चुप रह। सर तो आर्यन को डांट रहे हैं, तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

मीरा के मन में दो आवाजों के बीच जैसे युद्ध छिड़ गया। एक आवाज कह रही थी, 'चुप रहो, डांट से बच जाओगी।' दूसरी आवाज कह रही थी, 'सच बोलो, निर्दोष को मत फंसने दो।'

तभी उसे अपनी दादी मां की कही बात याद आई, 'गलत करके चुप रहना, अपने आपको धोखा देना है। तुम्हारी गलती की सजा किसी और को मिले, यह तो एक प्रकार से पाप है।'

मीरा की टांगें कांप रही थीं, लेकिन उसने पूरी हिम्मत जुटाई और हाथ ऊपर उठाकर बोली, 'सर!' उसकी आवाज पहले थोड़ी लड़खड़ाई, फिर संभलकर बोली, ' खिड़की का शीशा आर्यन ने नहीं तोड़ा, मुझसे टूटा है। मैं मुड़ रही थी, गलती से मेरा हाथ लग गया। मुझे माफ कर दीजिए सर।'

मिश्रा सर का गुस्सा पल भर में शांत हो गया। उन्होंने आर्यन को बैठने का इशारा किया और पूरी क्लास की ओर मुड़े और शांत भाव से बोले, 'टूटा हुआ कांच बदला जा सकता है, लेकिन कोई गलत काम करके एक बार नजरों से गिर जाए, तो हमेशा के लिए विश्वास-भरोसा खो देता है। मीरा ने आज सच बोलकर एक साहस का काम किया है, सबका दिल जीता है। अपनी गलती स्वीकार करना, बहुत हिम्मत का काम है।'

यह सुनकर बच्चों ने एकसाथ क्लैपिंग की। मीरा सच बोल कर मन ही मन बहुत हल्का महसूस कर रही थी। *

कविता

शादाब आलम



एआई इमेज

पिप्पी एक पपी लाई

विद्यालय से घर आई है
पिप्पी एक पपी लाई है।
उसे खूब उसने नहलाया
झाड़ा, पोछा, तेल लगाया।
मां बोलीं, क्यों इसको लाई
कौन करेगा साफ-सफाई?
पापा भी बोले, पल भर में
बहुत गंदगी होगी घर में
दादी बोलीं, पान चबाकर
इसे छोड़ दे बाहर जाकर
सबके पास समय की किल्लत
कौन करेगा इसकी खिदमत?
बात सुनी पिप्पी ने सबकी
और पपी को दी फिर थपकी
बोली उसको गोदी लेकर
मैं हूं इसकी केयरटेकर।



कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

एक रूप रुपहला तारा

एक रूप रुपहला तारा
जैसे थाली भर पारा
या परी भुलक्कड़ भूली
अपना सिंगार पिटारा
एक झिलमिल सा आईना
टीका है जड़ा नगीना
नीले सरुवर में मानो
एक श्वेत कमल रसभीना
नभ की दीवार घड़ी है
बिंदी जो रतन जड़ी है
खा लो, है बर्फ का गोला
खेलो वह बॉल पड़ी है
यह चांदी का सिक्का है
या ताश तुरुप इक्का है
कुरमुर पापड़ चावल का
या आलू का टिक्का है
क्या साइज है इडली का!
या प्याला भरा दही का
मीठा लड्डू मावा का
या घेवर फीका-फीका?
रबड़ी का भरा कटोरा
बिखरा मिसरी का बोरा
मां धरती नीली-नीली
पर मामा गोरा-गोरा।

जीके क्विज-228

1. हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय युद्धपोत का क्या नाम है?
2. शरद पूर्णिमा को किस महान ऋषि की जयंती मनाते हैं?
3. वर्ष 2026 के लिए भौतिकी (फिजिक्स) का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?
4. कंप्यूटर के किस हिस्से को उसका मस्तिष्क कहा जाता है?
5. राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत की संसद के निचले सदन को क्या कहते हैं?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. आंवला में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
10. भारत का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-228 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-227 का उत्तर: 1. नवी पिल्लै, 2. ऐनी कार्सन, 3. मध्य प्रदेश, 4. आशुतोष दीक्षित, 5. बौद्ध धर्म, 6. 11, 7. विष्णु शर्मा, 8. न्यूयॉर्क सिटी, 9. चिल्का झील, 10. कैनबरा

जीके क्विज-227 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, यशस्वी-ईमेल से, धृष-दिल्ली, रोहित-राजानांदगांव, निशिता-भोपाल, अवियांश-बलौदा बाजार, देविषा-महासमुंद, लाभ्या-झज्जर, श्रुति-रोहतक, माधव-बिलासपुर, राशि-हिसार

रंग भरो-213

रंग भरो-213 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सान्वी, बिलासपुर



वसनी, रायपुर



मानित, रोहतक



कुंजल, रायपुर



दीक्षा, धमतरी



आंचल, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सावी-बिलासपुर, प्रिया-धमतरी, तृषा-रायपुर, काश्वी-रायपुर, भव्या-बिलासपुर, सुमन-भिवानी, माधव-जांजगीर, सविता-कटनी, दिनेश-दिल्ली, राजेश-धमतरी, पंकज-गुना, विनेश-करनाल, सौरभ-बिलासपुर, रानी-कोरबा, सुमन-भोपाल

रंग भरो 214



बच्चो, यहां तालाब में तैर रही डक और डकलिंग्स का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बालीनगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप



नशामुक्ति में उत्कृष्ट सेवा के लिए बीके वसुधा गोल्ड मेडल से सम्मानित

चरखी दादरी। ब्रह्माकुमारीज संस्था के मेडिकल विंग की ओर से संचालित नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के तहत उत्कृष्ट सेवाओं के लिए झोझू कलां-कादमा क्षेत्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में आयोजित समारोह में उन्हें उत्कृष्ट सेवा सम्मान अवार्ड और गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

नाफरिया ने अशोक तंवर को किया अभिनंदन

भिवानी। भिवानी पहुंचे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अशोक तंवर का पूर्व कर्मचारी नेता मास्टर जयवीर नाफरिया ने गुलदस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की मजबूती और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जानकारी अनुसार अशोक तंवर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने भिवानी पहुंचे थे। सूचना मिलते ही कर्मचारी नेता मास्टर जयवीर नाफरिया समर्थकों के साथ उनसे मिलने पहुंचे।

शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटारा : कौर

चरखी दादरी। उपायुक्त मनदीप कौर ने अधिकारियों को समाधान शिविरों से संबंधित लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा में शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) पोर्टल पर अपलोड करें।

भागवत भूषण सुरेश कौशिक ने चौला छोड़ा

भिवानी। भगवत वाटिका के संस्थापक एवं गोसेवक आचार्य सुरेश कौशिक ने गत दिवस अपनी अन्तिम सांस ली, उनकी अन्तिम यात्रा में नगर के अनेक लोग शामिल हुए। सांस्कृतिक मंच के संस्थापक सदस्य जगत नारायण व महासचिव रणविजय ने बताया कि आचार्य सुरेश कौशिक काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, लेकिन अब तीन दिनों से वे अत्यधिक बीमार हो गए थे।

सरकार की नीतियों का किया जमकर विरोध

तोशाम। अखिल भारतीय किसान सभा ने सभी किसान, मजदूर, कर्मचारी, छात्र आदि से अपील की है कि सरकारी महकमे बचाने, सस्ती बिजली की सुविधा बचाने के लिए, स्मार्ट मीटर के खिलाफ हड़ताल में समर्थन देने और सहयोग करते हुए हिस्सेदारी करने के लिए अखिल भारतीय किसान सभा तोशाम क्षेत्र में गांव-गांव जाकर प्रचार कर रही है और सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रही है इसमें सभी सहयोग करें।

अवैध देशी पिस्तौल व दो कारतूस सहित युवक काबू

चरखी दादरी। दादरी जिला पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव सांजरवास निवासी युवक को एक देशी पिस्तौल और दो कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ की टीम ने बुधवार को गांव जयश्री के बस क्यू शेल्टर से उसे काबू किया।

किसानों के लिए मंडी में सुविधाएं जरूरी : संदीप

तोशाम। एसडीएम संदीप कुमार ने अनाज मंडी का औचक निरीक्षण कर बाजरे की खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बाजरे का एमएसपी 2900 रूपये प्रति किवंटल निर्धारत किया गया है। एसडीएम ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में किसानों के लिए पीने के पानी व अन्य मुलभुत सुविधाए सुनिश्चित करें।

महाग्राम से बदलेगी बापोड़ा की तस्वीर, प्रति व्यक्ति 155 लीटर शुद्ध जलापूर्ति का लक्ष्य

एसटीपी में बन रहा हरित ऑक्सीजन केंद्र लगेंगे एक हजार से अधिक पौधे : जेई

- अप्रैल 2027 की डेडलाइन से चार माह पूर्व पूरा होगा काम, जलभराव एवं बीमारी से मिलेगी मुक्ति : जेई जावला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





भिवानी। परिसर में लगाए जाने वाले पौधों के साथ जेई बृजेश जावला, सरपंच सुग्रीव, एजेंसी मालिक जयप्रकाश सेठी व ठेकेदार जगबीर व : एसटीपी पर निर्माणाधीन ऑफिस बिल्डिंग। फोटो : हरिभूमि

गांव बापोड़ा में महाग्राम योजना के अंतर्गत जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जलापूर्ति एवं सीवरेज व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने का कार्य ऐतिहासिक गति से प्रगति पर है, जो ग्रामीण जीवन शैली को नई ऊंचाई प्रदान करने जा रहा है। योजना के तहत वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 10 हजार से अधिक आबादी वाले इस गांव में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 155 लीटर के मानक से शुद्ध पेयजल और संपूर्ण सीवरेज नेटवर्क उपलब्ध कराने का ठोस ढांचा तैयार किया गया है। जलघर में नए स्टोरेज व क्लियर वाटर टैंक, पंप चैंबर तथा उन्नत मोटर-मशीनरी के साथ-साथ दो नए बुस्टिंग स्टेशन भी स्थापित किए।

इसके अतिरिक्त देवसर-बापोड़ा रोड पर निर्मित 3 एमएलडी क्षमता का अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट रोजाना 30 लाख लीटर सीवरेज जल का उपचार करेगा, जिससे गलियों में जलभराव एवं बीमारियों से स्थायी मुक्ति मिलेगी तथा ग्रामीणों का जीवन स्तर पहले से कहीं अधिक स्वच्छ एवं समृद्ध बनेगा। परियोजना की सबसे अनुकरणीय और जन-संदेशात्मक उपलब्धि एसटीपी परिसर में हरित ऑक्सीवन विकसित किया जा रहा है, जो विकास और पर्यावरण संरक्षण के अनूठे संतुलन की मिसाल पेश कर रहा है। पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए कनिष्ठ अभियंता बिजेश कुमार जावला ने कहा कि आज विकास की दौड़ में कटते पेड़ों के बीच हरित क्षेत्र को बढ़ाना और प्रकृति को सहेजना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस एसटीपी परिसर में एक हजार से अधिक छायादार, फलदार, फूलदार और औषधीय पौधें लगाए जा रहे हैं, यहां त्रिवेणी, एरीका पाम, नीम, अर्जुन, आम, अमरूद व आंवला जैसे वृक्षों के साथ-साथ एक विशेष हर्बल वाटिका भी तैयार की जा रही है, जिसमें तुलसी, एलोवेरा, सहजन और अश्वगंधा जैसी अमूल्य औषधियां शामिल हैं, ये ऑक्सीवन न केवल वायु की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा, बल्कि आने वाली भावी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य और हरित विरासत साबित होगा। विभागीय तत्परता और जनसहयोग का परिणाम यह है कि जिस परियोजना की पूर्णता समय-सीमा अप्रैल 2027 तय की गई थी, उसे इसी वर्ष दिसंबर तक पूरी तरह चालू करने का ऐतिहासिक कीर्तिमान रचा जा रहा है।

नई पाइप लाइन डालने का कार्य जारी

गांव की जिन गलियों में पाइप लाइन बहुत पुरानी, जर्जर या बार-बार लीकेज होती है या जिन कॉलोनियों में पाइप लाइन नहीं थी, उनमें नई पाइप लाइन डालने का कार्य भी जोर-जोर से जारी है तथा दो नए इंटर मीडिएट पंपिंग स्टेशन से सीवरेज का पानी एसटीपी तक पहुंचाया जाएगा, जो उपचारित करने के बाद घग्घर ड्रेन में चला जाएगा। जेई जावला ने बताया कि उच्च अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन, कार्यकारी एजेंसी और ग्रामीणों के अभूतपूर्व सहयोग के कारण ड्रीम प्रोजेक्ट निर्धारित समय से बहुत पहले जनता को समर्पित किया जाएगा। परियोजना के चालू होने से ग्रामीणों को कुई बनाने के खर्च से मुक्ति मिलेगी और जनस्वास्थ्य सुरक्षा सुदृढ़ होगी। यह पहल समाज को स्पष्ट संदेश देती है कि जब आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण पर्यावरण के जतन के साथ किया जाता है, तो वह विकास गांव के संपूर्ण कल्याण का आधार बनता है।

जिला स्तरीय बाल महोत्सव में 20 स्कूलों के 343 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



चरखी दादरी। जिला स्तरीय बाल महोत्सव-2026 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने अपनी कला, प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समूह नृत्य में हरियाणवी लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली, वहीं एकल नृत्य में विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधता मंच पर जीवंत हुई। रागिनी प्रतियोगिता में देशभक्ति और लोकजीवन से जुड़ी प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। दूसरे दिन करीब 40 स्कूलों के 343 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षाविद डॉ. एमके जैन ने मुख्य अतिथि तथा सुभाष जैन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला बाल कल्याण अधिकारी डॉ. सतीश कुमार के निर्देशन में आयोजित महोत्सव में विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई। समूह नृत्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोकगीतों, पारंपरिक वेशभूषा और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया। एकल नृत्य में विभिन्न राज्यों की लोक एवं पारंपरिक नृत्य शैलियों की प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता का संदेश दिया। रागिनी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने देशप्रेम, राष्ट्रीय गौरव और लोकजीवन विषयों पर प्रस्तुतियां देकर अपनी गायन प्रतिभा का परिचय दिया।

छोटी काशी की जनता बनी भगवान श्रीराम के राजतिलक की साक्षी



भिवानी। सेठ किरोड़ीमल पार्क में श्रीअग्रसेन रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भगवान श्रीराम के राजतिलक और भरत मिलाप के पावन दृश्य के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने अपनी जीवंत व ओजस्वी प्रस्तुति से धार्मिक प्रसंगों को मंचित किया कि उपस्थित दर्शक भावविभोर हो गए। कमेटी के प्रधान विजय बंसल और महामंत्री अजय सर्राफ ने मुख्यतिथि एवं अन्य अतिथियों का पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। रामलीला के अंतिम दिन प्रदर्शित भरत मिलाप और भगवान राम का राज्याभिषेक केवल एक पौराणिक घटना का मंचन नहीं, बल्कि ये मानव समाज के लिए उच्च आदर्शों का जीवंत संदेश है। मुरारीलाल तौला ने कहा कि भरत मिलाप का प्रसंग समाज को त्याग, निःस्वार्थ प्रेम और भ्रातृ-प्रेम की अनुपम सीख देता है। आज के दौर में जहां संपत्ति और अधिकारों के लिए रिश्तों में दूरियां आ जाती हैं, वहीं भरतजी का चरित्र सिखाता है कि बड़े भाई के अधिकार और सम्मान के आगे सिंहासन का मोह भी तुच्छ है। दूसरी ओर भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक रामराज्य की स्थापना का प्रतीक है।

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सभी विभाग तालमेल से करें कार्य : एसडीएम

- सितंबर में 670 वाहनों के चालान कर 1.43 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम डॉ. विरेंद्र सिंह।

लघु सचिवालय सभागार में वीरवार को एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था सुधारने और धुंध के मौसम से पहले सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से काम करें। दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार करवाए जाएं। सड़कों पर यातायात संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों और यातायात संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि धुंध का मौसम शुरू होने से पहले दुर्घटना संभावित स्थानों का निरीक्षण किया जाए। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें।

कर्मियों के 10% तक प्रशिक्षु रखने के निर्देश

भिवानी। लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में वीरवार को जिला शिक्षुता एवं आत्मनिर्भर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगराधीश अनिल कुमार ने की। इस दौरान नगराधीश ने विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग में कुल कर्मचारियों की संख्या के 10 प्रतिशत तक प्रशिक्षुओं को रखने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं । नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके विभागों में अप्रेंटिसशिप के लिए खाली सीटों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक आईटीआई पास युवक इन अवसरों का लाभ उठा सकें।

भिवानी में भक्ति का महासंगम, कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

- जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का मार्ग प्रशस्त करती महापुराण कथा : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

भिवानी नगरी आज पूरी तरह से मां भगवती की भक्ति के रंग में रंग गई है। शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना के महापर्व श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा एवं नौ दिवसीय यज्ञ पूजा महोत्सव का गरिमामय शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। दीपावली के उपलक्ष्य में सिद्ध पीठ काली मंदिर की महिला मंडली एवं आयोजन समिति द्वारा इस आध्यात्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु रमेश शर्मा पिंटू ने बताया कि सनातन परंपरा में किसी भी धार्मिक कार्य की पूर्णता मातृशक्ति की उपस्थिति और अटूट आस्था से ही संभव होती है। इसी भावना के साथ नगर की मातृशक्ति को पारंपरिक वेशभूषा में मंगल कलश और नारियल लेकर शामिल होने का विशेष आह्वान किया था। वीरवार को एकादशी पर कृष्णा कॉलोनी स्थित गोगा मेड़ी से गाजे-बाजे और मां भगवती के जयकारों के साथ कलश यात्रा रवाना हुई। कलश यात्रा वैष्णो देवी मंदिर और रेलवे क्रॉसिंग फाटक से होती हुई कथा स्थल, जीतूवाला जोहड़ के समीप स्थित सिद्धपीठ काली देवी शिव मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में विधि-विधान से कलश स्थापना से 9 दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान का श्रीगणेश हुआ।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्माण स्थलों पर नियमों की करें पालना

- मुख्य सचिव ने वीसी से की समीक्षा, खुले में कचरा व पराली जलाने पर रोक के आदेश



चरखी दादरी। वायु प्रदूषण बढ़ने की आशंका को देखते हुए इसके नियंत्रण और पर्यावरण गुणवत्ता में सुधार के लिए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक कर प्रदूषण की संभावित स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त मनदीप कौर ने दादरी जिले में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बरती जा रही सावधानियों की जानकारी दी। बैठक के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के उपाय प्रभावी ढंग से लागू करवाने पर जोर दिया। निर्माण कार्यों के दौरान एंटी-स्मॉग गन, ग्रीन नेट, स्प्रिंकलर और वाटर स्प्रेइंग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि धूल के कण वातावरण में फैलने से रोके जा सकें।

श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा व त्याग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता : फरटिया

- श्री कृष्ण वाटिका में बुधवार को हुई रामलीला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल



बहल। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए।

भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, अनुशासन, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को अपनाकर व्यक्ति न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकता है, बल्कि समाज में भी नैतिकता, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत कर सकता है। यह बात बुधवार को श्री कृष्ण वाटिका में श्री रामलीला नाट्य कला केंद्र समिति की ओर से आयोजित रामलीला में पहुंचे विधायक राजबीर फरटिया ने कही। विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन या मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से जुड़ने का अवसर भी है। भगवान श्रीराम ने अपने आचरण से यह संदेश दिया कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, व्यक्ति को सत्य, धर्म और कर्तव्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने पिता के वचन का सम्मान करते हुए राजसुख का त्याग किया और वनवास स्वीकार किया। उनका जीवन त्याग, धैर्य, वचनबद्धता और परिवार के प्रति जिम्मेदारियों का अनुपम उदाहरण है।

न्यूज डायरी

आवारा कुत्तों के काटने व पशुओं से चोट लगने पर दयालु-2 योजना का लाभ लें पीड़ितः एडीसी दीपक

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में दयालु-2 योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आवारा कुत्तों के काटने के 23 मामलों की समीक्षा की गई। इनमें से चिकित्सकीय परीक्षण के बाद 12 मामलों को मंजूरी दी गई, जबकि संबंधित लोगों की अनुपस्थिति के कारण 11 मामले लंबित रखे गए। जिला सांख्यिकीय अधिकारी डॉ. भागीरथ कौशिक ने बैठक में सभी मामले प्रस्तुत किए। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि आवारा कुत्तों के काटने और आवारा पशुओं के कारण चोटिल होने वाले व्यक्ति दयालु-2 योजना के तहत आर्थिक सहायता का लाभ उठाएं।



14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे श्रीराम राजतिलक के साथ श्री प्राचीन रामलीला संपन्न

चरखी दादरी। श्री प्राचीन रामलीला का समापन बुधवार रात भगवान श्रीराम के राजतिलक की लीला के साथ हुआ। पिछले 14 दिनों से चल रहे रामलीला मंचन के अंतिम दिन श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के 14 वर्ष का वनवास पूरा कर पुष्पक विमान से अयोध्या लौटने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। उनके आगमन पर अयोध्या में दीप जलाकर खुशियां मनाने और मंगल गीत गाने का भावपूर्ण मंचन किया। कार्यक्रम में गोविंद राम मकड़ानिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्रीराम के अयोध्या पहुंचने पर संतों ने विधि-विधान से उनका राजतिलक किया। इस दौरान देवताओं के मंगलगान और अयोध्यावासियों के उत्सव के दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर किया। नगर के लोगों ने भी भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

लघु सचिवालय में एडीसी दीपक बाबू लाल ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एडीसी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। बिजली बिलों से संबंधित समस्याओं की सुनवाई करते हुए एडीसी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे बिजली का जरूरत के अनुसार ही उपयोग करें । एडीसी के समक्ष न्यू डिफेंस कॉलोनी निवासी राजेंद्र सिंह ने सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध करवाने की मांग रखी।

सूचना

मैं, सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री बृजलाल निवासी गांव डाढी छिल्लर, जिला चरखी दादरी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री शोभा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

पुलिस-प्रशासन से निष्पक्ष जांच की गुहार, लापता का पता नहीं लगा तो होगा विरोध प्रदर्शन

डेरे से महंत बुलबुल, महक व टीना संदिग्ध परिस्थिति में लापता, किन्नर समाज ने जताई अगवा की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। लापता महंत बुलबुल, महक व टीना की बरामदगी की मांग करते मंगलामुखी। फोटो : हरिभूमि

नारनौल, महेंद्रगढ़ व चरखी दादरी के मंगलामुखी समाज ने एकत्रित होकर प्रशासन और पुलिस के खिलाफ गंभीर सवाल उठाए हैं। किन्नर समाज की शिष्या तनीषा ने वीरवार को भिवानी में अपनी बात रखते हुए बताया कि वे लोग पिछले कुछ दिनों से अपने आश्रम में मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बीती रात उनके आश्रम पर कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ पहुंचे और जबरन माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। तनीषा का कहना है कि जब वे लोग पिछले गेट से अपनी जान बचाने का प्रयास कर रहे थे, तो आगे से डंडे लेकर आए लोगों ने उनके साथ बहस शुरू कर दी। इसके कुछ देर बाद सिटी थाने के एसएचओ जरनैल सिंह और अन्य पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और पूछताछ के नाम पर महंत बुलबुल, महक व टीना किन्नर समाज से जुड़े सुसाइड केस में नाम आने की बात कही। उनका आरोप है कि जब उन्होंने कहा कि कोई मुकदमा दर्ज है या पूछताछ करनी है तो उन्हें दिन के समय या कायदे से बुलाया जाना चाहिए, न कि रात के समय गाड़ियों में आकर धमकाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे थाना प्रभारी से मिलकर वापस अपने घर लौटे तो कुछ ही देर में पहले से खड़ी दो इको गाड़ियां, जो काले शीशे की थी, वो भी वहां से गायब हो गईं और उनके डेरे से महंत बुलबुल, महक और टीना संदिग्ध परिस्थितियों में गायब मिले। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने आशंका जताई कि उनकी गुरू और अन्य साथियों को जबरन अगवा किया गया है। साथ ही समाज के कुछ लोगों पर झूठे आरोप लगाने और उन्हें इस मामले में फंसाने की साजिश रचने की बात भी कही। मंगलामुखी समाज ने चेतावनी दी कि पुलिस प्रशासन ने जल्द ही मामले में ठोस कार्रवाई कर लापता किन्नरों का पता नहीं लगाया तो वे इसे लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

खबर संक्षेप

टीआईटी एंड एस में मेरिट छात्रवृत्ति के चेक वितरित

भिवानी। टीआईटी एंड एस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की विश्वविद्यालय मेरिट छात्रवृत्ति के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए गए। निदेशक प्रो. डॉ. बी. के. बेहरा ने विद्यार्थियों को चेक प्रदान किए और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के पाँच विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इनमें यशस्वी सरदाना (कंप्यूटर इंजीनियरिंग), ख्याति (फैशन एवं परिधान इंजीनियरिंग), रिया (टेक्सटाइल केमिस्ट्री), ललित नारायण (टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी) तथा अनुष्का (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) शामिल हैं। निदेशक प्रो. डॉ. बी. के. बेहरा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि मेरिट छात्रवृत्ति विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल शुरू

बाढड़ा। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बृहस्पतिवार को बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल शुरू हो गई। हड़ताल के पहले दिन कर्मचारियों ने बिजली निगम कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता एएमपीसी यूनिट प्रधान सुभाष, यूनिट प्रधान अरविंद छिल्लर, अनुबंधित कर्मचारी यूनियन के प्रधान सुभाषपाल और एससी/एसटी कर्मचारी संगठन के प्रधान राजेश ने की। मंच का संचालन यूनिट सचिव रविंद्र भागना ने किया। इस अवसर पर एचएसईबी यूनियन के पूर्व राज्य वि8ा सचिव राजकुमार सांगवान ने कहा कि बिजली बोर्ड का प्रत्येक कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है। उन्होंने कर्मचारियों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लडऩे का आह्वान किया। भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान हरपाल भांडवा, सचिव राधेश्याम, रामअवतार लाड, पूर्व सरपंच गिरधारी मोद, भारतीय किसान मोर्चा के जिला प्रधान ब्रह्मपाल, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपप्रधान भूपेंद्र धारणी, सीटू के जिला संयोजक सुमेर धारणी सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

कुलपति धर्माणी ने आठवें विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का किया शुभारंभ

झोझूकलां में उत्कर्ष-2026 का रंगारंग आगाज, 1200 छात्र दिखाएंगे प्रतिभा

29 कॉलेज लेंगे हिस्सा, तीन दिन में 44 विधाओं में होंगी प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के आठवें विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्कर्ष-2026' का वीरवार को महिला महाविद्यालय झोझूकलां में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के युवा कल्याण निदेशालय और मेजबान महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महोत्सव में 29 महाविद्यालयों के लगभग 1200 विद्यार्थी 44 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मुख्यतिथि प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में युवा महोत्सव आयोजित करने का उद्देश्य यहां के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। युवा महोत्सव लोक संस्कृति, सृजन और संस्कारों का संगम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मंच तक पहुंचना भी अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए युवाओं का शिक्षित, दृढ़ संकल्पित और संस्कारित होना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को हार से निराश न होकर दोगुने उत्साह के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर सुरेश मलिक ने कहा कि विश्वविद्यालय का युवा महोत्सव प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है। काफी संख्या में महाविद्यालयों और विद्यार्थियों की भागीदारी सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति युवाओं के उत्साह को दर्शाती है। शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और इनसे युवा अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हैं। राजकीय महाविद्यालय बवानी खेड़ा के प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार ने ग्रामीण क्षेत्र में इतने बड़े आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे बेटियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र पाल ने शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रबंधन समिति की प्रतिबद्धता जताई। महोत्सव के मुख्य संयोजक एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजपाल ने अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।



चरखी दादरी। कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी को सम्मानित करते आयोजक।



चरखी दादरी। युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।


चरखी दादरी। युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

महोत्सव के लिए चार मंच किए तैयार

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं के लिए चार मंच तैयार किए गए हैं, जहां संगीत, नृत्य, रंगमंच, साहित्यिक और ललित कला सहित 44 विधाओं में मुकाबले होंगे। अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रतिभागियों के पहचान पत्र अनिवार्य किए गए हैं। उद्घाटन सत्र में मेजबान महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, हरियाणवी समूह लोकनृत्य फाग, शास्त्रीय समूह गायन और देशभक्ति पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ. पूनम ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के शिक्षक, प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और विभिन्न महाविद्यालयों से आए विद्यार्थी उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

एसडीएम ने बिजली घरों का किया निरीक्षण



लोहारू। बिजली निगम कर्मचारियों की जारी हड़ताल के बीच उपमंडल अधिकारी (नागरिक) मनोज दलाल एक्शन मोड में नजर आए। पेयजल आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं में बाधा न आए, इसे सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम मनोज दलाल ने लोहारू उपमंडल क्षेत्र के सभी प्रमुख बिजली घरों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सीधे हड़ताल और धरने पर बैठे बिजली कर्मचारियों के बीच पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत कर शांतिपूर्वक समाधान निकालने की अपील की और आश्वासन दिया कि उनकी जायज मांगों को सरकार तक प्रमुखता से पहुंचाया जाएगा। एसडीएम मनोज दलाल ने हड़ताली कर्मचारियों से मानवीय संवेदनाओं और जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए पेयजल और अस्पतालों जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए तुरंत बिजली आपूर्ति बहाल करने को कहा, ताकि आम जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उपमंडल प्रशासन की ओर से क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए एसडीएम ने कहा कि प्रशासन स्थिति पर पूरी नजर बनाए हुए है।



दिव्यांगजनों को वितरित किए 37 लाख के उपकरण

चरखी दादरी। दादरी के मॉडल संस्कृति स्कूल परिसर में वीरवार को दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें उपायुक्त मनदीप कौर ने 163 दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण वितरित किए। इन उपकरणों की कुल कीमत करीब 37 लाख रुपये है। एपीसीपीएल झज्जर और एलिम्को कंपनी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके दैनिक जीवन को सुगम करना है। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि सहायक उपकरण दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उन्हें दैनिक कार्यों में सुविधा मिलती है और समाज में समान अवसर प्राप्त करने की दिशा में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर वर्ष जरूरतमंद दिव्यांगजनों को विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध करवाता है।



दुकानदारों एवं रेहड़ी चालकों को किया जागरूक

बवानीखेड़ा। नगर पालिका बवानीखेड़ा द्वारा कस्बे में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री एवं सचिव संदीप गर्ग के आह्वान पर नगर पालिका के लिपिक-कम-सैनिटरी इंस्पेक्टर कर्मपाल सिंह के नेतृत्व में तथा मुख्य बाजार में दुकानदारों एवं रेहड़ी चालकों को स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उन्हें डस्टबिन का प्रयोग करने, कचरा इधर-उधर न फेंकने तथा एकत्रित कचरे को कचरा उठान वाली गाड़ी में ही डालने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने कहा कि कस्बे को साफ-सुथरा रखना केवल नगर पालिका की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सफाई कर्मचारी नियमित रूप से सफाई अभियान चला रहे हैं और घरों एवं दुकानों के सामने से कचरा उठाने का कार्य किया जा रहा है।



छह दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आरंभ

बवानीखेड़ा। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बवानीखेड़ा स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राथमिक अध्यापकों के लिए छह दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 21 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें द्वितीय बैच के पीआरटी अध्यापक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को खेल-खेल में पढ़ाना, रुचिकर गतिविधियों द्वारा सीखना और ठोस आधार प्रदान करना है। प्रशिक्षण में के.आर.पी. अंजू, विजय लक्ष्मी और सत्यवान प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। तीनों प्रशिक्षकों ने अध्यापकों को कक्षा में उपयोग होने वाली नई शिक्षण विधियों, शिक्षण अधिगम सामग्री के निर्माण, मूल्यांकन के नवीन तरीकों और बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार पाठ योजना बनाने की बारीकियां समझाईं। प्रशिक्षण के दौरान अध्यापकों को समूह चर्चा, भूमिका निर्वाह और प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से सिखाया जा रहा है ताकि वे विद्यालय में जाकर बच्चों को अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ा सकें।



ठाकुर बीर सिंह की 102वीं जयंती की तैयारियां जोरों पर

भिवानी। भिवानी में पूर्व वित्त एवं सहकारिता मंत्री ठाकुर बीर सिंह की 102वीं जयंती को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आगामी 25 अक्टूबर को स्थानीय शकुंतला गार्डन में इस जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसके संबंध में ठाकुर विक्रम सिंह और कुणाल जीत सिंह ने जानकारी साझा की है। ठाकुर विक्रम सिंह ने बताया कि जयंती समारोह को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में लगभग 7 से 8 हजार लोगों के बैठने व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि समारोह में देश और प्रदेश के कई दिग्गज नेता शिरकत करेंगे। जिसमें बतौर मुख्यअतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रभारी राजस्थान संजय भाटिया शिरकत करेंगे तथा विशेष अतिथि के तौर पर भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली पहुंचेंगे।



दादरी में शिक्षकों के योग प्रशिक्षण का पहला बैच शुरू

चरखी दादरी। हरियाणा योग आयोग के मार्गदर्शन और निदेशालय स्कूल शिक्षा हरियाणा के दिशा-निर्देशों के तहत जिला शिक्षा कार्यालय एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बिरहीकलां के सौजन्य से पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले बैच का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में शारीरिक शिक्षा से जुड़े शिक्षक भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य शिक्षकों को योग के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पक्षों की जानकारी देकर विद्यालयों में योग गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण के पहले प्रातःकालीन सत्र की शुरुआत जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य धर्मेन्द्र चौधरी के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की पहचान है और इसे विद्यालयी पाठ्यक्रम में शामिल करने की दिशा में शिक्षा विभाग की पहल दूरगामी सोच को दर्शाती है। योग विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, एकाग्रता और अनुशासन के विकास में अहम भूमिका निभाता है। डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता नवरत्न पांडे ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यालयों में योग को व्यवस्थित रूप से प्रोत्साहित करने और शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों तक इसके लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

गांवों के विकास कार्यों में देरी न हो पेयजल व्यवस्था सुधारें अधिकारी

- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में दिए निर्देश, नहरी व्यवस्था सुधारने एवं जर्जर स्कूलों के पुनर्निर्माण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

लघु सचिवालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बाढ़ड़ा विधायक उमेद पातुवास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में विकास कार्यों की गति बाधित नहीं होनी चाहिए। पेयजल, सिंचाई, शिक्षा और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। सांसद ने सिंचाई एवं पेयजल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। पानी की किल्लत से बचने के लिए वाटर टैंकों की रीमॉडलिंग करवाई जाए और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जाए। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने नहरी तंत्र को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए, ताकि जिले की नहरों में पर्याप्त पानी पहुंच सके। सांसद धर्मबीर सिंह ने वीबी-जीरामजी योजना को प्रधानमंत्री का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बताते हुए निर्धारित कार्यों को गंभीरता से लेने और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।


चरखी दादरी। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सांसद धर्मबीर सिंह।



भिवानी। औद्योगिक क्षेत्र में बदहाल पार्क का जायजा लेते नगर परिषद के डीएमसी हरबीर सिंह व भगवानदास कालिया तथा औद्योगिक क्षेत्र में ठप सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करती जेसीबी मशीन।

नप डीएमसी ने सेक्टर 21 व 26 का किया दौरा, सीवरेज-नाले दुरुस्त करने के निर्देश

भिवानी। सेक्टर-21 व 26 में लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं से जल्द निजात मिलने की उम्मीद बंध गई है। भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भगवान दास कालिया द्वारा उठाई गंभीर शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आया और गुरुवार को नगर परिषद के डीएमसी हरबीर सिंह ने खुद औद्योगिक क्षेत्रों के दोनों सेक्टरों का दौरा किया। मौके का जायजा लेने के बाद डीएमसी हरबीर सिंह ने सीवरेज व्यवस्था और बरसाती नालों को दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए, जिन पर तुरंत प्रभाव से काम भी शुरू हो चुका है। बीते दिनों भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवानदास कालिया ने भिवानी के सेक्टर 21 व 26 की बदहाल स्थिति को लेकर आवाज बुलंद की थी। उन्होंने सीवरेज व्यवस्था की खराबी, पार्कों की दुर्दशा, टूटे नाले, पेयजल संकट और बूस्टर व्यवस्था के ठप होने की शिकायतें समाधान शिविर के साथ-साथ सीएम विंडो पर दर्ज करवाई थी, इतना ही नहीं उन्होंने चंडीगढ़ पहुंचकर मुख्यमंत्री के समक्ष भी इन समस्याओं को प्रमुखता से रखा था।

सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में जिया मित्तल ने देशभर में हासिल की आठवीं रैंक


जिया मित्तल

चरखी दादरी। सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) इंटरमीडिएट परीक्षा में दादरी की होनहार बेटी जिया मित्तल ने देशभर में आठवीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिया ने 600 में से 478 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। उनकी उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जिया मित्तल ने बताया कि इस सफलता के लिए उन्होंने रोजाना 13 से 14 घंटे पढ़ाई की। दसवीं कक्षा के दौरान ही उनकी रुचि वित्त के क्षेत्र में विकसित हो गई थी। तभी उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। अब वह अपने परिवार की पहली सीए बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जिया इससे पहले भी शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। पिछले वर्ष सीए फाउंडेशन परीक्षा में उन्होंने 400 में से 305 अंक हासिल किए थे। वर्ष 2025 में 12वीं की बोर्ड परीक्षा में वह बेस मॉडल स्कूल की जिला टॉपर भी रही थीं। जिया अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देती हैं। उनके पिता सुरेश कुमार लाहली वाले व्यवसाय करते हैं, जबकि माता रेखा मित्तल गृहिणी हैं। परिवार में सबसे छोटी जिया के बड़े भाई हार्दिक मित्तल भी एसीसीए की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। जिया का अगला लक्ष्य सीए फाइनल से पहले अनिवार्य तीन वर्षीय प्रशिक्षण पूरा करना है।

नशामुक्त जागरूकता सेमिनार में एबीएचआरओ ने विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

भिवानी। नशामुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत आदर्श विद्या मंदिर में अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन (एबीएचआरओ) के बैनर तले नशामुक्त जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के संकल्प को मजबूत करना था। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए इसके समाधान और युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर बार एसोसिएशन के सचिव एवं अधिवक्ता सचिन सिंगला ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं एबीएचआरओ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. हवासिंह तंवर ने कहा कि नशा हर प्रकार के विनाश का मूल है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के चरित्र, उसके स्वभाव और उसकी सामाजिक सोच को नशा पूरी तरह से नष्ट कर देता है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर का हवाला देते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे जागरूकता अभियानों की अत्यधिक आवश्यकता है। वर्तमान समय में संयुक्त परिवार लगभग समाप्त हो चुके हैं, ऐसे में बच्चा अपनी शिक्षा के शुरुआती दौर में जो कुछ भी सीखता है, उसका प्रभाव उसके पूरे जीवन पर रहता है। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सम्मान ट्रस्ट के संस्थापक नेत्रपाल सिंह तंवर ने कहा कि एबीएचआरओ पिछले 16 वर्षों से भारत सरकार के साथ मिलकर समाज हित में सराहनीय कार्य कर रही है।


भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी।

एसआईआर के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वीरवार को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय रोज गार्डन से भगवान परशुराम चौक तक पैदल मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में दादरी प्रभारी एवं हरियाणा कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। दादरी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी डॉ. मनीषा सांगवान सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक, विभिन्न फ्रंटल संगठनों के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। डॉ. पूनम चौहान ने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक पात्र नागरिक का वोट सुरक्षित रहना चाहिए और मतदाता सूची से किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम गलत तरीके से नहीं कटना चाहिए। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस सेवादल अपनी आवाज उठाता रहेगा।



चरखी दादरी। शहर में प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

पॉक्सो अधिनियम पर विधिक जागरूकता शिविर

भिवानी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में राजकीय कन्या हाई स्कूल, लोहानी में बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों को कानून के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने वाला एक प्रभावी एवं संवेदनशील कानून है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, अपराधों की जांच प्रक्रिया, दोषियों के लिए निर्धारित दंड तथा पीड़ित बच्चों को उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति कानून की दृष्टि में बच्चा है और पॉक्सो अधिनियम के तहत नाबालिग की सहमति को कानूनी बचाव के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इन्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

सड़क व फुटपाथ पर रखा सामान जब्त

बाजारों में अतिक्रमण हटाने में जुटी नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर शहर के बाजारों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने और आमजन को अतिक्रमण से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद ने अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में लगातार दूसरे दिन वीरवार को भी बाजारों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। टीम ने दुकानदारों को सड़क और फुटपाथ पर रखा सामान हटाने के निर्देश दिए। मंगल मार्केट में दुकानों के बाहर सड़क पर रखा सामान भी जब्त किया गया। नगर परिषद की टीम ने सुबह करीब 10 बजे बाजारों में पहुंचकर दुकानदारों को चेतावनी दी और सार्वजनिक रास्तों से सामान हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद दोपहर करीब एक बजे भगवान परशुराम चौक से पुराना सिविल अस्पताल रोड होते हुए पुराना झज्जर रोड तक अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों को एक घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी गई। अभियान के तहत टीम तहसील रोड से होते हुए मंगल मार्केट पहुंची। यहां दुकानों के बाहर सड़क पर रखा सामान जब्त किया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट किया कि सड़क और फुटपाथ पर सामान रखने से राहगीरों को परेशानी होती है तथा वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। अतिक्रमण के कारण बाजारों में जाम की स्थिति बनने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दुकानदारों को अपनी दुकानों की निर्धारित सीमा के भीतर ही नगर परिषद की इस कार्रवाई का उद्देश्य बाजारों में आवागमन सुगम बनाना, जाम की समस्या कम करना और खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को राहत पहुंचाना है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान इंयूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर सिंचाई विभाग के एसडीओ उमेश कुमार मौजूद रहे। वहीं नगर परिषद से भवन निरीक्षक राकेश श्योराण, मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश कुमार और पटवारी सतवीर सिंह मौजूद रहे। नप के करीब एक दर्जन सफाई कर्मचारी कार्रवाई में शामिल हुए।


चरखी दादरी। अभियान के दौरान सामान जब्त करते कर्मचारी।

ये रहे मौजूद

सामान रखने के निर्देश दिए गए। त्योहारी सीजन में बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ने की संभावना को देखते हुए अतिक्रमण मुक्त रास्ते बनाए रखना जरूरी है।